प्रवेश प्रक्रिया

1– महाविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में संस्थागत प्रवेश एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्व–विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन केन्द्रीकृत पंजीकरण प्रणाली के आधार पर किया जायेगा।

विद्यार्थी को किसी भी पाठयक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु पंजीकरण करने के लिए सामान्यतः–

1– हाईस्कूल की अंकतालिका।   2– इण्टरमीडिएट की अंकतालिका।

3– आधार कार्ड।   4– मोबाइल संख्या।   5–छात्र की इमेल आई डी

6–पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो।

2– प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल (MJPRU :: ONLINE PORTAL (mjpruiums.in)) पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की जायेगी और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथियों में ही प्रवेश होगा।

4– ऑनलाइन पंजीकरण के उपरान्त विद्यार्थी को अपने पंजीकरण की मुद्रित प्रति तथा समस्त रिक्त प्रविष्टियों को स्वंय भरकर समस्त अंक तालिका एव समस्त प्रमाण–पत्रों की छाया प्रति संलग्न कर अविलम्ब दो दिन के अन्दर **मोती सिंह मैमोरियल महाविद्यालय** कार्यालय में अवश्य जमा करना होगा।

5– प्रवेश की स्वीकृति मिलने के तीन दिनों के अन्दर शुल्क जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जायेगा।

6– अनुसूचित जाति/जन जाति, अल्पसंख्यक समुदाय एवं अन्य पिछड़ी जाति के प्रवेशार्थी तहसीलदार द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र अपने प्रवेश–आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

7– प्रवेश हेतु साक्षात्कार के समय प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियॅा के साथ स्थानान्तर प्रमाण–पत्र एवं चरित्र प्रमाण–पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है। मूल प्रतियों के अभाव में प्रवेश सम्भव नही होगा।

प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता

1– बी0 ए0 भाग –1

इण्टरमीडिएट कला, वाणिज्य, अथवा कृषि परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए। ऐसे छात्र/छात्राऐं जिन्होने इण्टरमीडिएट परीक्षा विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि से उत्तीर्ण की है उनके 05 प्रतिशत अंक घटाकर योग्यता सूची तैयार की जायेगी।

2– बी0 एस0 सी0 भाग–1

इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा समतुल्य परीक्षा गणित, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान व रसायन विज्ञान विषय से उत्तीर्ण होना चाहिए।

प्रवेश हेतु प्रदत्त भारांक

प्रवेश हेतु तैयार की गयी योग्यता सूची में निम्न विशिष्ट योग्यताओं के अतिरिक्त भारांक प्रदान किये जायेगें।

1– एन0सी0सी0 के "सी" प्रमाण–पत्र और "जी–11" प्रमाण–पत्र	10 अंक
एन0सी0सी0 के "बी0" प्रमाण–पत्र और "जी–1" प्रमाण–पत्र	05 अंक
2– एन0एस0एस0 के दो शिविर पूर्ण करने तथा 240 घंटे की सेवायें	15 अंक
एन0एस0एस0 का एक शिविर पूर्ण करने तथा 240 घंटे की सेवायें	10 अंक
केवल 240 घंटे की सेवायें	05 अंक
3– 12 वीं कक्षा स्तर तक स्काउट/गाइड तृतीय सोपान परीक्षा उत्तीर्ण करने पर	
या	
प्रदेश के राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत	10 अंक
भारत के राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति/प्रधानमैंन्त्री द्वारा पुरस्कृत	15 अंक
रोवर्स/रेंजर्स निपुण परीक्षा उत्तीर्ण	10, 05 अंक
4– राष्ट्रीय अथवा अन्तरीय विश्वविद्यालय खेलकूद में भागीदारी और खेलकूद में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए	10 अंक
विश्वविद्यालय टीम में प्रतिनिधित्व के लिए	05 अंक

टिप्पणी किसी भी स्थिति में किसी भी छात्र/छात्रा को 10 अंक से अधिक भारांक नही दिये जायेगें। शैक्षिक योग्यता के आधार पर प्रदत्त श्रेणी की मान्यता यथावत रहेगी– अर्थात भारांक के आधार पर प्रभावित नही होगी।

द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतू

स्नातक द्वितीय एव तृतीय वर्ष के प्रवेशार्थी आवेदन–पत्र के साथ उसी पाठयक्रम की पूर्व कक्षाओं की अंक तालिकाओं की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपियॉ संलग्न कर अपने परीक्षा परिणाम घोषित होने के दस दिन के अन्दर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।